लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
संख्याः– /08 / सी–1 / 2019–20
प्रयागराजः दिनांकः 07 सितम्बर, 2019

प्रेस– विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य (लिखित) परीक्षा 2017, दिनांक 18–06–2018 से 07–7–2018 तक आयोग द्वारा प्रदेश के दो जनपदों इलाहाबाद, एवं लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी जिसमें कुल 12295 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। उपरोक्त परीक्षा के आधार पर भरे जाने हेतु उपलब्ध कुल 676 रिक्तियों के सापेक्ष वास्तविक रूप से 2029 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी श्रेणी–।। (ग्रेड–1) तथा जिला उद्यान अधिकारी श्रेणी–।। (ग्रेड–2) के पद की संगत सेवा नियमावली में साक्षात्कार का प्राविधान न होने के कारण उक्त पदों का चयन परिणाम केवल लिखित परीक्षा के आधार पर इस परीक्षा के अन्तिम चयन परिणाम के समय घोषित किया जायेगा।

2. परीक्षाफल आयोग कार्यालय के सूचनापट्ट पर सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ चस्पा कर दिया गया है। उक्त परीक्षाफल उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **http://uppsc.up.nic.in** पर भी उपलब्ध है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक, कट आफ अंक इत्यादि की सूचनायें उक्त परीक्षा का अन्तिम चयन परिणाम घोषित होने के उपरान्त ही दी जायेगी।

3. अनुक्रमांक 204771 के अभ्यर्थी का परिणाम मा0 उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या–13744/2018 जागृति द्विवेदी बनाम उ0 प्र लोक सेवा आयोग व एक अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगा। साक्षात्कार हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों का आयोग द्वारा साक्षात्कार दिनांक 16.9.2019 से प्रारम्भ किया जायेगा। साक्षात्कार कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति पृथक से निर्गत की जायेगी।

(जगदीश)
सचिव।